Student's Copy

2023

GENERAL HINDI

सामान्य हिन्दी

Time Allowed : 3 Hours] [*Maximum Marks* : 100

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 40

(क) जातिवाद का जहर

(ख) आतंकवाद का कहर

(ग) स्वावलंबन

(घ) स्वाधीनता का अमृत महोत्सव

(ङ) 21वीं शती का ई–जीवन

(च) आज का दौर और स्त्री–शक्ति

(छ) वैश्वीकरण बनाम राष्ट्रवाद

(ज) बिहार राज्य की सांस्कृतिक धरोहर

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : 10

(क) संयुक्त वाक्य का उदाहरण दीजिए।

(ख) "अर्जुन ने कहा था कि परिश्रम ही जीवन है"—इसमें प्रधान वाक्य कौन–सा है?

(ग) वाक्य–रचना में परसर्गों की क्या भूमिका है?

(घ) "मेरे दादाजी चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूँ"—इसमें उपवाक्य कौन–सा है?

(ङ) कृदंत से क्या तात्पर्य है?

(च) यमक और श्लेष अलंकार में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(छ) भाषा की सबसे छोटी सार्थक इकाई क्या है?

(ज) हिन्दी वाक्य–रचना में पदों का अन्वय क्या है?

3. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए : 1×5=5

(क) महादेवी वर्मा छायावादी की कवयित्री हैं।

(ख) नाटक का इति श्री होते ही पर्दा गिर जाता है।

(ग) फल बच्चे को काटकर खिलाओ।

(घ) यह महिला बड़ी विद्वान है।

(ङ) भली प्रकार सोचो और फिर करो।

(च) वह दौड़ने लगा खाना खाकर।

(छ) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(ज) तुम्हारे को अभी बहुत काम करना है।

खण्ड—ब

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों के प्रकार बताइए : 1×5=5

(क) माँ ने कहा कि बेटा कभी झूठ मत बोलना।

(ख) तुम बीमार पड़ गए क्योंकि तुम कसरत नहीं करते थे।

(ग) भगवान करे आप अपने उद्देश्य में सफल हों।

(घ) उसे बुखार था इसलिए विद्यालय नहीं आया।

(ङ) बिजली नहीं है इसीलिए अँधेरा है।

(च) सरस्वती ने नहाकर पूजा की।

(छ) वर्षा हो रही है और धूप निकली हुई है।

(ज) तुमने वही किया, जिसकी मुझे आशा थी।

4. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के लिए केवल एक शब्द लिखिए : 1×5=5

(क) जानने की इच्छा

(ख) जो भाग्य-रहित हो

(ग) जिसके समान दूसरा न हो

(घ) जिसके हाथ में चक्र है

(ङ) क्रोध करने वाली स्त्री

(च) पहाड़ के नीचे की भूमि

(छ) अनुकरण करने योग्य

(ज) व्याकरण जानने या लिखने वाला

खण्ड—ब

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : 1×5=5

(क) स्वर्ग

(ख) शत्रु

(ग) नदी

(घ) सूर्य

(ङ) इंद्रधनुष

(च) हिमालय

(छ) अहंकार

(ज) कामदेव

5. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) हिन्दी की ओष्ठ्य ध्वनियाँ बताइए।

(ख) अर्थ की दृष्टि से शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

(ग) 'श', 'ष' और 'स' में मूर्धन्य ध्वनि कौन-सी है?

(घ) 'अग्रगामी' एवं 'वृद्धि' के विलोम लिखिए।

(ङ) अघोष वर्ण किसे कहते हैं?

(च) ''नेहा शोर मचा रही थी इसीलिए डाँट पड़ी''—इसको मिश्र वाक्य में बदलिए।

(छ) हिन्दी के चार दीर्घ स्वर बताइए।

(ज) योगरूढ़ शब्द का उदाहरण दीजिए।

खण्ड—ब

निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं **पाँच** के केवल अर्थ लिखिए : 1×5=5

(क) खून का प्यासा

(ख) दीपक तले अँधेरा

(ग) कुआँ खोदना

(घ) भेड़ पै ऊन किसने छोड़ी

(ङ) आठ बार नौ त्योहार

(च) घर का खोदा पानी पीना

(छ) आँखों में धूल झोंकना

(ज) अधजल गगरी छलकत जाए

6. वाक्य-विश्लेषण से क्या तात्पर्य है? यह कितने प्रकार का होता है? 10

अथवा

विशेषण को परिभाषित कर उसके प्रकार सोदाहरण समझाइए।

अथवा

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

7. उपसर्ग और प्रत्यय की परिभाषा लिखकर अन्तर स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

स्वर संधि को उसके भेदों सहित उदाहरण देकर समझाइए।

अथवा

अलंकारों के मुख्य प्रकारों का परिचय देते हुए किसी उभयालंकार का सोदाहरण लक्षण बताइए।

★★★

SEAL